सफलता की कहानी

प्रोपराइटर/उद्यमी का नाम : **Mr. Santosh Sahu**

योजना का नाम : **ODOP Margin Money**

पता : **Gram -Mevaiya, Rehmat**

Amethi.

मोबाइल नं0 : **9695715137**

इकाई का नाम : **Sahu Moonj Vyavsai**

कार्यस्थल का पता : **Gram -Mevaiya, Rehmat Gadh,,**

Amethi.

परियोजना का नाम : **Moonj**

बैंक का नाम : **Bank of Baroda , Gramin Bank,**

Adarsh Nagar, Amethi.

परियोजना लागत : **Rs 1 Lakh**

सफलता की कहानी (संक्षिप्त में) :

मेरा नाम संतोष साहू है । मैं ग्राम मवैया रहमतगढ़ शुकुल बाजार अमेठी का निवासी हूं । मैंने शिक्षा में ग्रेजुएशन तक की पढ़ाई की है एवं ITI भी साथ में किया है । अपना खुद का व्यापार शुरू करने से पहले मैं चंडीगढ़ में एक फैक्ट्री में कार्यरत था । चंडीगढ़ में कुछ दिन काम करने के बाद मैंने अपना खुद का कारोबार शुरू करने का फैसला किया जिसकी वजह से मैंने अपने घर आने का निर्णय लिया । घर वापस आने के बाद जब मैं कारोबार शुरू करने के बारे में सोच रहा था तभी मैंने राज्य सरकार के एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के बारे में एक समाचार पत्र में विज्ञापन देखा ।

एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी के लिए मैंने जिला उद्योग विकास केंद्र से संपर्क किया । जिला उद्योग केंद्र से मुझे सरकार द्वारा चलाई जा रही मूंज बाध परियोजना के बारे में जानकारी मिली । जिसके बाद मैंने मूंज बाध बनाने का प्रशिक्षण केंद्र से ट्रेनिंग ली एवं बड़ौदा उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक से योजना के अंतर्गत ₹1,00,000 के लोन के लिए आवेदन किया ।

मेरा लोन मार्च 2020 में पास कर दिया गया और अब मैं अपना खुद का मूंज बाध का एक छोटा सा कारोबार चला रहा हूं । मेरे अलावा साथ में दो और लोगों को भी रोजगार का अवसर प्रदान हुआ है । हम मिलकर मूंज बाध से बनी हुई वस्तुओं का उत्पादन कर रहे हैं एवं लोकल बाजार में बेच रहे हैं ।

लॉक डाउन की वजह से हमें फिलहाल कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है परंतु आशा है की स्थिति ठीक होने पर कारोबार को और आगे बढ़ाया जा सकेगा । सरकार की एक जनपद एक उत्पाद कार्यक्रम के लिए मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहूंगा । इससे मेरे जैसे कई युवाओं को अपना खुद का कारोबार करने की प्रेरणा मिल रही है ।